# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 173 B.N.S.S)

# प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Ambala **Year (वर्ष):** 2025

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0017 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 19/04/2025 14:20 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7A |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** **Date from (दिनांक से):** **Date To (दिनांक तक):**

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 19/04/2025 **Time (समय):** 14:20 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 004 **Date and Time (दिनांक और समय):** 19/04/2025 14:20 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH, 85 Km **Beat No. (बीट सं.):** (s)

**(b) Address (पता):** कैथल,जिला कैथल

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** सन्दीप

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** मंगत राम

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1976 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g)

**ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **262, सैक्टर-19-1, कैथलKAITHAL, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **262, सैक्टर-19-1, कैथलKAITHAL, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-8708696940

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कमलदेव | | | 1. पूर्व पार्षद नगर परिषद कैथल,कैथल KAITHAL,HARYANA,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

श्रीमान जी, नकल लेख निम्न प्रकार से है:-

सेवा में,
श्रीमान इंसपैक्टर साहब,
विजिलैस कैथल ।

निवेदन है कि मैं संदीप पुत्र श्री मँगत राम वासी मकान न. 262 सैक्टर 19-1 कैथल का वासी हूँ । मेरी पुराना बस स्टैण्ड के सामने श्री बालाजी गार्मेन्ट के नाम से रेडीमेड कपडों की दुकान है । दुकान पर हम दो भाई बैठते है । मैने

करीब सात-आठ साल पहले SBI रोड कैथल नजदीक पुराना बस स्टैण्ड पर शौरुम के लिए जगह खरीद की थी। और वर्ष 2021 में मैनें शौरुम बनाने के लिए नगर परिषद कैथल से नक्शा पास करवाया और उसके बाद निर्माण शुरु कर दिया । जब मेरा शौरुम लगभग तैयार हो गया तो कमलदेव पूर्व पार्षद नगद परिषद कैथल मेरे शौरुम पर नवम्बर 2024 में आया और मुझे कहने लगा जो तुमने जो शौरुम बनाया है। वो नक्शा के मुताबिक नहीं है। मैने सी.एम. विन्डो पर GST बारे, बिजली विभाग, में व नगर परिषद कैथल में जो शिकायत की हुई, उसको भी डी.सी. व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से कहकर फाईल करवा दूंगा,। इसके लिए आपको रुपये देने होंगे और हमारे बीच 5,20,000/- रुपये में सौदा तय हो गया । फरवरी 2025 में श्री विरेन्द्र बंसल पुत्र श्री सज्जन कुमार वासी खुराना रोड कैथल के सामने मेरे से कमलदेव पूर्व पार्षद डरा धमकाकर 5,20,000/- रुपये ले गया। परन्तु उसने अपनी शिकायतें वापिस नही ली । इसके बाद नगर परिषद कैथल से मेरे को नोटिस प्राप्त हुआ । कार्य में व्यस्त होने के कारण मैं उस नोटिस का समय पर नही दे पाया। जिस पर नगर परिषद कैथल में कार्यवाही करते हुए दिनांक 17.03.2025 को मेरे शौरुम को सील कर दिया गया । मैने अपने शौरुम सील ओपन करने बारे नगर परिषद कैथल में दरखास्त दी। जिस पर नगर परिषद कैथल ने नियमानुसार कार्यवाही करते हुए दिनांक 08.04.2025 को शौरुम की सील ओपन कर दी। सील ओपन होने पर कमलदेव ने मेरे को आकर कहा कि तेरा शौरुम गलत बना हुआ है, मै प्रशासन से कहकर तुडवा दूंगा। और कहने लगा कि डी.सी. मैडम को कहकर रुकवा भी सकता हूं। इसके लिये आपने और रुपये देने होंगे। यह रुपये मैने नही रखने, ऊपर देने है । और यह भी कहा कि आपने मेरे पास नही आना, आप अपने बुआ के लडके मुनीष उर्फ मोनू जो की मेरी हुडा सैक्टर 19 का पडौसी है। को मेरे पास भेज देना, मै उसको सारी बाते बता दूंगा । दिनांक 18.04.2025 कमलदेव पूर्व पार्षद मेरी बुआ के लडके मुनीष उर्फ मोनू की दुकान पर आया और कमलदेव पूर्व पार्षद ने मुनीष उर्फ मोनू से कहा कि जो 5,20,000 रुपये संदीप से लिए थे। वो तो मेरे दलाली के थे । इसके लिए अब संदीप ने 4,00,000/- रु और देने होंगे। डी.सी. की जिम्मेदारी मेरी है। और मैं इन 4,00,000 रुपयों में से कुछ कम करवाने की कोशिश करुंगा, मैने तो इन चार लाख रुपये मे से कोई रुपया लेना नही। अगर शौरुम पर कोई भी अधिकारी, कर्मचारी आए तो मुझे बुला लेना। मैं अपने आप मामले को निपटा दूंगा । यह मेरे से 4,00,000/- रुपये डी.सी. के नाम से मांग कर रहा है। मेरे कहने पर मेरी बुआ के लडके मुनीष उर्फ मोनू ने बातचीत की रिकार्डिंग की हुई है । जो बाद में पेश कर दूंगा । वह डी.सी. का डर भय दिखाकर मेरे से रिश्वत लेना चाहता है । आज मुझे 4,00,000/- रुपये लेकर बुलाया है । मै उसको रिश्वत राशी नही देना चाहता । मै उन्हे रंगे हाथ पकडवाना चाहता हूं । आज मैने आपको 500-500 के 800 नोट कुल 4,00,000/- रूपये दरखस्त के साथ पेश कर दिए है। कमलदेव पूर्व पार्षद के खिलाफ कानूनी कारवाई की जाए।

प्रार्थी -sd- Sandeep Garg

संदीप पुत्र मंगत राम

वासी म.न. 262 सैक्टर 19-1 कैथल

मो.न. 8708696940

दिनांक 19.04.2025

कार्यवाही पुलिसः- आज दिनांक 19.04.2025 को मन निरीक्षक मय स्टाफ के साथ कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उपकेन्द्र कैथल हाजिर था, कि शिकायतकर्ता संदीप पुत्र श्री मंगत राम वासी मकान न. 262 सैक्टर 19 कैथल कार्यालय भ्र.नि.ब्यूरो उपकेन्द्र कैथल में हाजिर आया । जिसने एक हस्त लिखित दरखास्त मन निरीक्षक को पेश की, जिस पर मन निरीक्षक ने शिकायतकर्ता से रेड करवाने बारे पूछताछ की और सन्तुष्टि होने पर मेरी हिदायत अनुसार शिकायतकर्ता ने 500-500/- रुपये के 800 अदद् करेन्सी नोट मुबलिक 4,00,000/- रुपये मन निरीक्षक को पेश किए। जिनको फर्द द्वारा कब्जा पुलिस में लेकर अलग से फर्द सूचि करेन्सी नोट व फर्द इन्वेंटरी तैयार की गई । फर्द सूचि करेन्सी नोट पर मन निरीक्षक व शिकायतकर्ता संदीप उपरोक्त ने अपने-अपने हस्ताक्षर किए । दरखास्त के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, भ्र.नि.ब्यूरो अम्बाला के संज्ञान में लाकर राजपत्रित अधिकारी नियुक्त करने बारे आग्रह किया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक, भ्र.नि.ब्यूरो अम्बाला मण्डल अम्बाला द्वारा नियुक्त राजपत्रित अधिकारी के उचित आदेश व्हटसअप के माध्यम से प्राप्त होने उपरांत मेरे द्वारा श्री निशान्त बत्तान, कार्यकारी अभियन्ता, जल सेवाएं मण्डल पुण्डरी जिला कैथल से सम्पर्क किया गया और हालात बारे अवगत करवाकर पुलिस अधीक्षक भ्र.नि.ब्यूरो, अम्बाला के आदेश बारे बतलाया और एक छाया गवाह अपने साथ लेकर हाजिर कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उपकेन्द्र कैथल में आने बारे सूचित किया गया । दरखास्त के मजबून से कमलदेव पूर्व पार्षद नगर परिषद कैथल के खिलाफ सूरत जुर्म जेर

धारा 7A PC ACT 1988 का सरजद होना पाया गया । मन निरीक्षक मय स.उ.नि. सुनील कुमार न. 02/87, स.उ.नि. सेवती राम न. 308/कैथल, स.उ.नि. उषा रानी न. 353/कैथल, स.उ.नि. विशाल न. 366/गुरुग्राम, मु.सि. अजय कुमार न. 03/30, ई.मु.सि. धर्मबीर सिंह 1561/अम्बाला व सि. मनीष न. 433/पंचकूला बा सवारी गाडी सरकारी न. HR03 GV 1432 जिसका चालक ई.मु.सि. रोहित कुमार न. 107/कुरुक्षेत्र व प्राईवेट गाडी तथा तफतीशी बैग, लैपटॉप व प्रिन्टर सहित रेडिंग पार्टी तैयार की गई । तहरीर बराये कायमी अभियोग बदस्त स.उ.नि. सेवती राम न. 308/कैथल के थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अम्बाला मण्डल अम्बाला भेजी जा रही है । बाद कायमी अभियोग सख्या अभियोग से सूचित किया जावे व अभियोग की स्पैशल रिपोर्ट ईलाका मैजिस्ट्रेट कैथल व अफसरान बाला की सेवा में भिजवाई जाए व असल लेख मय पुलिस फाईल मौका पर भिजवाई जाए ।
अज- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उपकेन्द्र कैथल

-sd-Sube Singh
निरीक्षक,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
उपकेन्द्र कैथल ।
दिनांक 19.04.2025
समयः 12.00pm

अज थाना- टाईपशुदा लेख उपरोक्त, बाजूर्म उपरोक्त बर दरखास्त संदीप पुत्र श्री मँगत राम वासी मकान न. 262 सैक्टर 19-1 कैथल बर खिलाफ कमलदेव, पूर्व पार्षद नगर परिषद कैथल, बादस्त स.उ.नि. सेवती राम न. 308/कैथल भ्र0नि0ब्यूरो उप केन्द्र कैथल के थाना मे प्राप्त होने पर मुकदमा न. 17 दिनांक 19.04.2025 धारा 7A PC ACT 1988 थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अम्बाला दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रथम सूचना रिपोर्ट की स्पैशल रिपोर्ट बादस्त आने वाले स.उ.नि. सेवती राम न. 308/कैथल भ्र0नि0ब्यूरो उप केन्द्र कैथल के द्वारा सेवा मे ईलाका मैजिस्ट्रेट साहब कैथल व नकल मिसल पुलिस मय असल लेख अनुसंधानकर्ता के पास मौका पर भेजा जा रहा है। प्रथम सूचना रिपोर्ट की अन्य प्रतियां सम्बन्धित उच्चाधिकारीगण की सेवा मे बजरिया डाक भिजवाई जाएंगी। यह अभियोग महिला निरीक्षक बिमला देवी, भ्र0नि0ब्यूरो अम्बाला मण्डल, अम्बाला की हाजिरी मे दर्ज किया जा रहा है। ईन्द्राज रिकार्ड थाना विधिनुसार किया जा रहा है।

**13.** **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2. (की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** SUBE SINGH **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 517KTL **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए): or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C.**
**(आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Om Prakash

**Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**No. (सं.):** HPS

**14.** **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15.** **Date and time of dispatch to the court (**अदालत में प्रेषण की **दिनांक** और समय**):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद *7* संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**